Legislative and Other Business as follows

| Business | Time allotted |
|---|---|
| . General discussion on the Karnataka Budget for 1989-90. | 2 hours (to be discussed together) |
| 3 . Consideration and return of the Karnataka Appropria- tion Bill, *1M9.* | |
| 4, The Salary and Allowances of Officers of Parliament (Amendment) Bill. 1989. (May be discussed together, . The Sa1ary Allowances and- Pension of Members of 1 Parliament (Amendment) Bill, 1989. J | Half-an-hour |

APPROPRIATION (NO. 4) BILL, 1989 Contd,

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATTA PRAKASH MALAVIYA): Shri S. K. T. Ramaohandan it is his maiden speech.

,

SHRl S. K. T. RAMACHANDRAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I -rise to support the Demand for Grants for the expenditure of the Central Government for the year 1989-90.

SHRI CHITTA BASU: Is It upto 6 o'clock?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl SATYA PRAKASH MALAVIYA): I cannot say at this stage. There are eight more speakers including Rails Awadheshji

SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: I think, they would listen to me because it is my maiden speech.

AN HON. MEMBER: Most welcome.

SHRI S. K T. RAMACHANDRAN: A virgin has conceived and tried to bring forth something. You help me. Sir, I commend the Government's effort to change the face of the rural areas. Here my great friends criticised the Government's attitude, and the Government's planning and everything They forget one thing because they want to forget that thing. De they know how was this country be fore 1947? How many of our fathers, how many of our grandfathers had more than two dresses; Now, with in these 50 years, how much the nation has changed?, We should have all this in our mind before criticising the Government. Simply criticising ot opposing for the sake of opposition is neither food for the Opposition nor for the people. If they continue this effort, they will lick the dust, not the Government. They cannot see the light.

Sir, in the Appropriation Bill that is now placed beforee us, a lion's share is given to the Rural Development Department—Rs. 500 crores, added to the already voted Rs. 2,200 crores under the Plan Expenditure. Much of this expenditure is for Jawahar Rozgar Yojana and Nehru Yuvak *Kendras.* These schemes or these programmes are implemented by the Government, not as new schemes. Originally, there were two schemes NREP and RLEGP. These two programmes which were implemented through the State agencies or the Block development staff are now merged and given as a new scheme in the name of the greatest man of the couhtry, Jawaharlal Nehru. That means, a new dimension and direction is given to our plan orientation. This is going to improve the economc standard in the rural areas. And I hope definitely it will help to wipe out

*[Shri* S. K. T. Ramachandran]

poverty in the rural areas. People below the poverty-line will be provided with opportunities for employment, and also so many amenities and infra-structures are to be provided to them. The Nehru Yuvak Kenda will approach the rural masses and educate them on how to reap the benefits of these good schemes. So, certainly the benefits of the schemes will reach the people. And request my hon. Opposition Members not to have any doubt over this or suspicion over this. Some economic pundits may perform juggleries with the statistical data. They are interested in exhibiting their talents in the art of jugglery. The only parameter that could establish that our society has improved and reached a better developed standard is the lifestyle of every individual. It is quite apparent that these 50 years have taken us really to a very high standard. Mahat-maji brought us independence. Nehru built the nation. Indiraji nationalised banks and all her 20-point programmes revolutionised the life of our rural people. In that cherished tradition, Rajivji, the greatest jewel of the Indian youth, through his Jawahar Rozgar Yojana is going to eliminate poverty in the rural' areas. He needs the support of our spouses. Spouse means at all times the wife should be with the husband. An hon. Member one day said, the spouse has gone out and only the husband is inside. I want to remind him here that the spouse does not mean the -House of the people only. Parliament means both the Houses. So, half of the spouse is outside and half of the spouse-' is inside. Since half of the spouse is within the door I can say that he is very well with me. So, with your cooperation, with your love and affection, with your helping hand, we could do better. The -Jawahar Rozgar Scheme will provide enough employment to the people below poverty line. The revolution started by Jawaharlal Nehru In 1947 is gaining momentum and has also come to the point of culmination. In this connection, I would like to congratulate the Government for achieving certain admirable results which may be an eyesore to *my* friends on the other side. During last year, 1988-89, in the revised budget estimates the deficit finance had been contracted to the extent of Rs. 2,000 crores which is really an achievement. Instead of praising the Government for this, they are condemning the Government for such an achievement also- Not only that. Trade deficit has also been to a good extent contracted. Exports are boosted and imports have been shrunk. If this trend is, with the cooperation of all the leaders, maintained in letter and spirit in the current year too, we can achieve tremendous results in the future also.

Sir, 1 thank the Government of India for helping Tamil Nadu in the past 50 years. In those days of our great leader, Kamraj, we had termendous achievements in the field of industry, commerce and agriculture. I have pleasure to say that we had the BHEL during tose days. BHEL means not the bell our Vice—Chairman here rings, but it is B. H- E. L. and the integral coach factory is a jewel and so also the Neyveli Lignite project. These were brought to Tamil Nadu in the days Kamraj and the Congress party. I do not want to say that those who followed us did not do anything But I want to recollect that golden era. Recently the Central Government has given Tamil Nadu a prestigious programme, a good project, an atomic project in Koodamgulam. With reference to this I want to make a point. People in that area has reservation because something happened in Rus-sia because something happened in Bhopal. They fear that radioactivity may be spread and it may be polsos-noug and it would be hazardous to the lives of the,people there. I request— it may not be the subject of our Minister, it may be the subject of some other Minister, but It may be brought to the notice of the Minister concerned that fear in the minds of

those people who are living around Koodamgulam should be removed. Unless that is done, we cannot succeed In this programme.

Then you can see that Ind\ia is attaining self-sufficiency. India is promoting the standard of living of rural masses. India, once was called an under-developed nation. Now it is attaining the status of a developing nation. Shri Rajiv Gandhi is going to Become our Prime Minister next time also. And I know he will rule the country for next 25 years...

SHRl PARVATHANENI UPENDRA (Andhra Pradesh): Why 25 years? Say lifetime.

SHRI S. K. T. RAMACHANDARAN: .and by that time, India will be the greatest nation in the world (interruptions). It is a feet. I am saying something great about our nation and they cannot bear it. What is this? I say our country will become a great nation; it will become the greatest nation in 25 years. Mr. Rajiv Gandhi is the only capable leader to rule the country and he will continue till then.

I have to say something about my State from which I have been elected. Our Tamil Nadu is starving for water. If enough water is given to us, I can assure you we can be the granary of India. Without a large river like Ganga, without a large river like Godavari, by sharing a part of Cauvery We are able to reach near self-suffi-cency, and if proper share in Cauvery water is given to us, we will certainly be the granary of India. Mr. Vice-Chairman,' I would like you to bring this to the notice of the Central Government and the concerned Minister to intervene in this matter and settle the dispute as early as possible. I also want to say that we are talking much about the integrity of the country and the unity of the country. But when a question like shading water or something else comes, we forget that we are Indians first, and we shrink ourselves to regionalism and parochialism. Much of water in Kerala goes waste into the sea. Why can't we divert those rivers into the east and help the poor pea sants in Tamil Nadu to grow more food? I thank the Government for doing wonderful work in the field of industry, commerce, agricuture and power.

This is my maiden speech. If I have committed any wrong, if I have Inadvertantly hurt your feelings, please forgive me. I am your child but one day I am going to become your mother. Thank: you.

SHRI ASHIS SEN With all respect to what Mr. Ramachandran has said in his maiden speech, I would wish to add one sentence arid ask him that if Mr. Rajiv Gandhi stays for another 25 years besides these .five years, if that much length of time will be given to hrm, what will be left for Priyanka or the young man?

[The **Deputy Chairman** in the Chair.]

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार): महोदया, इस विनियोग विधेयक को पास तो होना ही है, इसमें कोई शक नहीं है, लेकिन इस विधेयक के माध्यम से हम लोग सरकार की गलत नीतियों के बारे में चर्चा करेंगे। और मैं समझता हूं कि यह सरकार इतनी बहरी, गूंगी और संवेदनहीन हो गई है कि इस सरकार के दिमाग पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है, चाहे जितनी अच्छी बात आप कह लीजिए, लेकिन हम लोग जो बोल रहे हैं, वह इसलिए बोल रहे हैं कि इस सदन के माध्यम से हमारी बात, जो हमारे मालिक हैं, वहां तक पहुंच जाएगी। इसी उद्देश्य से यहां पर अपनी बात हम रिकार्ड करा रहे हैं।

महोदया, सबसे पहले मैं बिहार के बारे में कुछ बात कहना चाहता हूं। भारत सरकार की तीन नीतियों के चलते बिहार आज कंगाल, बद-हाल हो गया है और

[श्री राम अवधेश सिंह]

बेरोजगारी का शिकार हो गया है, भुखमरी का शिकार हो गया है और हर दृष्टि से पिछड़ गया है और राष्ट्रीय जो मापदण्ड है, उसमें शिक्षा से लेकर जीवन-स्तर के तमाम मापदण्डों में पिछड़ गया है। यह तीन नीतियां भारत सरकार की है-एक का नाम है फ्रेट इक्विलाइजेशन, दूसरी गाडगिल फार्मूला और तीसरा का नाम है रायल्टी। यह तीन नीतियां त्रिशूल की तरह बिहार और पूर्वी राज्यों में, कहना चाहिए कि पूर्वी भारत की छाती में त्रिशूल की तरह गड़ी हुई हैं और यह त्रिशूल की तरह से बढ़कर इस तरह से खून निकाल रही हैं जिसका कोई हिसाब नहीं है। मैं आगे इसका बयान करने वाला हूं। फ्रेट इक्विलाइजेशन ऐसी मारक नीति है, जिसकी मिसाल दुनिया में कहीं नहीं मिल सकती। यह नीति "विष रस भरा कनक घट" जैसे है, जिससे कि ऊपर से बहुत सुनहरा लगे। जब इस नीति की रचना की जा रही थी, तो उस वक्त यह कहा गया था कि क्षेत्रीय विषमता मिटाने के लिए, इस नीति की रचना की जा रही है और कहा गया कि अगर यह नीति नहीं बनेगी तो सारे खनिज पूर्वी राज्यों में सीमित हैं, जिसमें 45 फीसदी केवल बिहार में हैं, पश्चिम बंगाल में हैं, उड़ीसा में हैं, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश में हैं। इन इलाकों में पूरे देश की 75 से 80 फीसदी खनिज सम्पत्ति सीमित है। तो यह तर्क दिया गया उन दिनों, जब इस नीति की रचना की जा रही थी, रेल माल भाड़ा समानीकरण नीति की 1954 में, मैं नाम नहीं लूंगा कि किन-किन लोगों की चौकड़ी ने इस नीति को बनाया अगर मैं नाम लूंगा तो सत्ता पक्ष के लोग उछलने लगेंगे और मुझे बोलने नहीं देंगे ... (व्यवधान)...

उपसभापति : बहुत कम लोग हैं, कोई उछलेगा नहीं। ... (व्यवधान)...

श्री राम अवधेश सिंह : मैं नाम ले लूं। .. (व्यवधान)..

उपसभापति : नाम मत लीजिए। .. (व्यवधान)..

श्री राम अवधेश सिंह : इस नीति की रचना तत्कालीन प्रधान मंत्री, मैं खाली पद का नाम ले रहा हूं, तत्कालीन इन्डस्ट्री और कामर्स मिनिस्टर, तत्कालीन वित्त मंत्री और पंजाब के तत्कालीन मुख्य मंत्री ने मिलकर यह नीति बनाई और यह कहा कि अगर फ्रेट इक्विलाइजेशन नहीं होगा तो सारी दौलत देश की, भारत के, पूर्वी हिस्से में चली जाएगी, क्योंकि अर्थशास्त्र का एक विश्व-व्यापी सिद्धांत है कि जहां खनिज सम्पदा प्रचुर मात्रा में मिलती है वहीं कारखाने उन खनिजों से संबंधित फलते फूलते हैं, यह दुनिया भर का विश्व-व्यापी अर्थशास्त्र का सिद्धांत है, लेकिन यह सिद्धांत बिहार में और पूर्वी राज्यों में फेल कर गया। क्यों फेल कर गया? क्योंकि जिस कीमत पर खनिज सम्पदा खदानों में और फैक्टरी के गेट पर बिकती है, उसी कीमत पर गुजरात में, महाराष्ट्र में, पंजाब में, हरियाणा में पहुंचाई जाती है। तो विश्व-व्यापी अर्थव्यवस्था के सिद्धांत के मुताबिक कारखाने खुलने चाहिए थे बिहार में इंजीनियरिंग के, तमाम कारखाने खुलने चाहिए बिहार में, उड़ीसा में, वेस्ट बंगाल में, लेकिन सारे कारखाने खुल गए वहां जहां कि कसम खाने के लिए भी लोहा, इस्पात, तांबा, अभ्रक, नहीं है। तो इस सिद्धांत का कुपरिणाम यह हुआ। नारा दिया गया कि राष्ट्र को सबल बनाना है तो क्षेत्रीय विषमता को मिटाना होगा; और क्षेत्रीय विषमता को मिटाना है तो फ्रेट इक्वलाइजेशन नीति अपनानी है। इस नारे का परिणाम ठीक उल्टा निकला। जहां खनिज संपदा है, वहां कल कारखाने की भरमार होनी चाहिए लेकिन कारखाने बनते हैं फरीदाबाद में, बंगलौर में, बंबई में, जालंधर में, अहमदाबाद में, बड़ौदा में। खनिज संपदा है हमारे यहां और कारखाने खुले वहां।

माननीय उप-सभापति महोदया, मैं आपको बताना चाहता हूं कि अंग्रेज एक रुपए की रुई खरीदते थे भारत से और मैनचेस्टर से कपड़ा बनाकर भारत

में उसको 16 रुपए में बेचते थे तो महात्मा गांधी ने उसके खिलाफ बगावत की कि 16 गुना भारत में लूट मचाई है। आज बिहार में एक रुपए की स्टील रांची, हरियाणवों ले जाता है और उसको सौ रुपए में मशीन बनाकर बेचता है बिहार में। सौ गुना लूटता है। आठ आने के स्टील से बड़े पांच सौ की रुपए की घड़ी बिहार में बेची जाती है। जो हजार गुना और 1100 गुना लूट हो रही है बिहार की।

**श्री वी० के० गढ़वी :** यह आपकी भावना है या आपकी पार्टी की भी भावना है ?

**श्री राम अवधेश सिंह :** यह मेरी भावना है और यह पार्टी की भी भावना है। यह सारे देश की भावना है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि झारखंड और रविन्द्र। आपको दुख इसलिए लगता है कि आपके यहां काम खाने के लिए भी खनिज नहीं है।

**श्री वी० के० गढ़वी :** मेरे लिए बिहार, बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र देश सारा ही एक मुल्क है और आप उनको अलग करने की बात कह रहे हैं, इसलिए मैंने आपसे पूछा।

**श्री राम अवधेश सिंह :** किसी की मां पुआ पकाती है, उसको बेटी लाती है। खनिज हमारे यहां और कारखाने हमारे यहां नहीं लगे और वह लगें अहमदाबाद में, हरियाणा में, महाराष्ट्र में, गुजरात में, और इसलिए आपको बेरोजगार रहे, लूट का शिकार रहे, यह बात चलने वाली नहीं है। मैं आपको बता देना चाहता हूं कि जो पंजाब में आज हो रहा है उससे 10 गुना बिहार में होने वाला है। उससे ज्यादा ताकतवर ढंग से विस्फोट फूटने वाला है। इस बात को हम बर्दाश्त नहीं कर सकते।

आप गाडगिल फारमूले की बात करते हैं पिछड़े राज्यों को उठाने के लिए। आपकी प्लानिंग की क्या नीति है? आप कहते हैं कि हम रिसोर्स बेस्ड बनायेंगे, नीड बेस्ड नहीं बनायेंगे। न आपका रिसोर्स बेस्ड प्लानिंग है, न आपका नीड बेस्ड प्लानिंग है। नीड बेस्ड राज्य पूर्वी राज्य है, जहां जनसंख्या ज्यादा है, वहां आप एलोकेशन कम देंगे। समय का तकाजा है कि जिस सूबे की जितनी आबादी ज्यादा हो उसके आधार पर आप पंचवर्षीय योजना की विकास की राशि का आवंटन करें और अगर ऐसा करते तो उसकी तरक्की होती और वह विकास कर पाता।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि प्रदेश से जिला, जिले से प्रखंड में और प्रखंड से पंचायत में विकास राशि का बंटवारा होता है, आबादी के आकार पर, तो देश से प्रदेश में जो राशि का आवंटन होता है वह एलोकेशन आबादी के आधार पर क्यों नहीं होता ?

6-00 P.M.

तीसरी बात नीति की यह है कि रायल्टी बिहार को कम मिलती है। आप गुजरात में तेल पर 25 परसेंट रायल्टी देते हैं, आसाम में तेल पर रायल्टी 25 परसेंट है, लेकिन बिहार में कोयले पर रायल्टी मिलती है 1 या डेढ़ परसेंट। हम जो भारत सरकार कोयला लेती है, उसमें सौ रुपए का कोयला लेगी तो रायल्टी 1 परसेंट देगी या डेढ़ परसेंट देगी। आप शायद गुजरात के हैं, आप लेते हैं 25 परसेंट और अभी आपकी ओर से मांग है 50 परसेंट की। इस तरह से आप लोग जो चला रहे हैं देश को तोड़ने का काम भीतर-भीतर कर रहे हैं। यह आपकी सरकार कर रही है। यह जो नीतियां हैं, यह जो आपकी तीन नीतियां हैं—रायल्टी देना, विभेदकारी नीति गाडगिल फार्मूले के आधार पर योजना राशि का आवंटन और रेल माल भाड़ा समानीकरण, ये तीनों त्रिशूल की तरह से बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा और पूर्वी राज्यों को छाती में गड़े हुए हैं। इस त्रिशूल को निकालना होगा। इस त्रिशूल को तोड़ना होगा। आप अगर नहीं कर सकते, इन नीतियों को नहीं छोड़ सकते तो हम लोग इन नीतियों को निकालेंगे। वह दिन आ गया है, वह दौर आ गया है,

**[श्री राम अवधेश सिंह]**

लोगों को धकेल कर इधर कर दिया जाएगा और उधर हम बैठ जायेंगे। (**व्यवधान**) अब वे फिर इधर बैठेंगे। सही जमहुरियत की पहचान यही है कि तवे की रोटी की तरह सत्ता पलटती रहे। जब तक राज सत्ता तवे की रोटी की तरह पलटती नहीं है तो वह राज सत्ता ठीक नहीं होती। जब जमहुरियत ठीक नहीं होती। एक ओर रोटी रहती है तवे पर तो कच्ची रह जाएगी और दूसरी ओर की जल जाएगी। इसलिए पक्की जमहुरियत की यह पहचान है कि सत्ता तवे की रोटी की तरह उलटती-पलटती रहे। (**समय की घंटी**) आप मुझे पांच मिनट का टाइम और दे दीजिए या फिर कल बोलने की इजाजत दीजिए। बहुत इम्पोर्टेंट बात बोल रहा हूं। आप को भी अच्छा लगता होगा कि मैं ठीक बोल रहा हूं।

**श्री अश्विनी कुमार :** आज तो यह अच्छी बात बोल रहे हैं। आज तो इनको बोलने दीजिए।

**उपसभापति :** आप बोलिए मगर संक्षेप में बोलिए।

**श्री राम अवधेश सिंह :** मैं इस पर डेढ़ घंटे बोलता हूं अब मैं सिर्फ दो-तीन मिनट में खत्म कर दूंगा।

दूसरा प्वांइट मेरा यह है कि स्टील माडर्नाइजेशन के बारे में जवाहर लाल जी ने खुद कहा था कि इस देश में प्रति साल एक मिलियन टन स्टील का उत्पादन नहीं बढ़ाया जाएगा तो यह किसी भी तरह दुनिया की प्रतियोगिता में टिक नहीं पाएगा। इस दृष्टि से उन्होंने मेकन और पब्लिक सैक्टर में रिसर्च एंड डवलपमेंट की प्रयोगशाला, रांची में बनायी। इस उद्देश्य से बनाया गया ताकि रिसर्च एंड डवलपमेंट का काम आगे इतना बढे कि दूसरे देशों से उसके माडर्नाइजेशन के लिए टेक्नालाजी न खरीदनी पड़े, उधार मांगनी न पड़े। मेरे मुंह से बहुत खराब बातें आती हैं इस सरकार के लिए कि यह नपुंसक सरकार है और इस नपुंसक सरकार के पास दृष्टि भी नहीं है। इसके रिसर्च डेवलपमेंट की टैक्नोलोजी का लाभ न लेकर पैसे के लोभ में ये बाहर के कंसोर्टीयम से, मल्टीनेशनल कंसोर्टीयम से माडर्नाइजेशन के लिए टैक्नोलोजी को ले रहे हैं। यहां उदाहरण मिलते हैं, यहां पर बहस हुई है इस पर। आज फोतेदार साहब होते तो बहुत ज्यादा ठीक से मेरी बात को समझ सकते थे और शायद उन्हें मेरी बात चुभती भी। टाटा माडर्नाइज कर रहा है। माडर्नाइजेशन क्यों किया जाता है? यह इसलिए किया जाता है कि उत्पादकता बढ़े, प्रोडक्टिविटी बढ़े और लागत खर्च, उत्पादन खर्च कम हो। लेकिन यह क्या कर रहे हैं। टाटा सब मिलाकर जैसा मैंने आज हिसाब जोड़ा है 700—800 करोड़ में से एक मिलियन टन बढ़ा रहा है। 95 फीसदी इंडिजिनस जिसको आप स्वदेशी सामान, उपकरण, इक्यूपमेंट जो कह लें, उसके सहयोग से, भारत में जो पब्लिक सेक्टर हैं उन के सहयोग से, उनसे सामान खरीद कर बनाया। तो उसने सात सौ, आठ सौ करोड़ के बीच में एक मिलियन टन बढ़ा दिया, दस लाख टन। यह आप क्या कर रहे हैं। श्री फोतेदार साहब ने जो कहा है, अगर आपकी इजाजत हो तो मैं उसको कोट करना चाहता हू .. (**व्यवधान**)। मैं उसकी हामी नहीं भर रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि प्राइवेट सेक्टर ने भी इतने में किया। सरकार जब बाहर के मल्टी नेशनल कंजोरडियम को अपने यहां ला रही है, तो उससे कम खर्च होना चाहिए नहीं तो बाहर से लेने का क्या औचित्य है। पब्लिक सेक्टर में हमारे भेल है, हटिया का एच०ई०सी० है, भारी उद्योग निगम है, जिसमें सात कम्पनियां हैं, उनसे सामान लीजिए। उनमें क्षमता भी है। लेकिन उनसे न लेकर बाहर के जापान के कजोरडियम से, ब्रिटिश कजोरडियम से, जर्मनी के कंजोरडियम से आप ले रहे हैं। इसलिए ले रहे हैं कि आपको चुनावों में कुछ चन्दा देंगे, कमीशन देंगे। लेकिन पब्लिक सेक्टर वाले नहीं देंगे। पब्लिक सेक्टर वाले कहां से देंगे? आपने कुछ बिरला टेक्निकल सर्विसेज को दिया। बिरला टेक्निकल सर्विसेज कुछ नहीं हैं। उनको 461 करोड़ का दे दिया ताकि बिरला टेक्नीकल

सर्विसेज से भी कुछ माल-पानी मिल जायेगा । उसको भी भिड़ा दिया गया । हटिया में एच०ई०सी० में कोई निगम चेयरमैन है वे रो रहे थे कि हम भूखे मर रहे हैं, अनइम्प्लायमेंट की परिस्थिति आने वाली हैं । उनका सामान सरकार नहीं खरीदता हैं । वे सारे इक्वीपमेंट दे सकते हैं, लेकिन उनसे नहीं लिया । इस तरह से घटिया-घटिया काम करके आप यह क्या कर रहे हैं ? आप 0.1 मिलियन टन बढाने के लिए 430 करोड़ कर रहे हैं, जबकि टिस्को 0.1 मिलियन टन के लिये 80 करोड़ रुपये कर रहा हैं ।

स्टील मिनिस्ट्री की रिपोर्ट छपी है । फोतेदार साहब का बयान हैं जो उन्होंने 12-5-89 को दिया हैं । उन्होंने कहा कि टाटा 10 साल से मोड्रेनाइजेशन का काम कर रहा हैं । यह भी कहा कि 1978 से माड्रेनाइजेशन का काम हम भी कर रहे हैं । जब आप भी दस साल से कर रहे हैं और वे भी कर रहे हैं तो यह इतना क्यों हो रहा हैं । दस साल से टिस्को कर रहा हैं तो उसका खर्चा कम हैं और आप भी 1978 से कर रहे हैं, लेकिन आपका खर्चा ज्यादा हो रहा हैं । टोटल जितना खर्चा हुआ हैं, उसमें आप ज्यादा खर्च कर चुके हैं,। सातवीं योजना में स्टील मिनिस्ट्री की जो रिपोट हैं उसमें डिपाटमेंट आफ आइरन और स्टील में कितना खर्च किया वह बताया गया है । भिलाई के मोड्रेनाइजेशन पर कितना खर्च किया? रिप्लेसमेंट और रिन्यूवल पर एक सौ करोड़। मोड्रेनाइजेशन और न्यू स्कीम्स पर 180 करोड़ । बोकारो में रिप्लेसमेंट और रिन्यूवल पर 55 करोड़। मोड्रेनाइजेशन और रिन्यूअल पर 160 करोड़ । दुर्गापुर में रिप्लेसमट और रिन्यूअल पर 190 करोड़। मोड्रनाइजेशन और न्यू स्कीम्स पर 460 करोड़ । राउरकेला स्टील प्लान्ट में रिप्लेसमट और रिन्यूअल पर 143 करोड़ । मोड्रेनाइजेशन और न्यू स्कीम्स पर 360 करोड़ । टोटल मोड्रेनाइजेशन पर इन्होंने 1575 करोड़ 68 लाख रुपये खर्च किये । इस तरह से जितना टाटा ने खर्च किया उससे ये दुगुना खर्च कर चुके हैं, सातवीं योजना में और भी ज्यादा ये खर्च कर रहे हैं । और वह भी 0.1 मिलियिन टन बढ़ाने के लिए 830 करोड़ । इसके अलावा 2667 करोड़ रुपये और खर्च कर रहे हैं । टाटा ने खर्च किया सात सौ या आठ सौ करोड़ रुपये । उस दिन मैंने एक हजार करोड़ कहा था । लेकिन नया हिसाब ईरानी साहब के बयान में टिस्को के बारे में आया हैं । तो उन्होंने अखबार में हिसाब दिया है कि हम इतना मार्डनाइज कर रहे हैं । कहने का मतलब महोदया यह हैं कि ऐसी अव्यवस्था क्यों हो रही हैं. यह किसी के बाप की संपत्ति नहीं हैं कि जैसा चाहो लूटो और लुटवाओ। यह जनता की सपत्ति हैं । जनता पूछेगी, मैं पूछ रहा हूं जनता की ओर से, आप सड़क पर चलिये, जनता यह पूछेगी कि 0.8 मिलियन टन बढाने में आप लगा रहे हो 2667 करोड़ और उसके ऊपर आप खर्च कर चुके हो, मैं दुर्गापुर का बता रहा हूं, 650 करोड़ । 650 करोड़ आप खर्च कर चुके हो सातवीं योजना में और छठी योजना में भी खर्च किया होगा, यह हिसाब हमारे पास नहीं हैं अगर 5 सौ करोड़ रुपया नहीं किया है, तो मान लेते हैं कि 4 सौ करोड़ रुपया किया होगा । इस तरह आप 1 हजार करोड़ रुपया खर्च कर चुके हो पहले और अब 2667 करोड़ रुपया खर्च कर रहे हैं । क्या जनता इस सवाल को नहीं पूछेगी यह आपकी बपौती नहीं है, निजी संपत्ति नहीं हैं कि जैसा चाहें खर्च करें । फोतेदार साहब ने अपने जवाब में कहा कि यह मेरी जवाबदेही नहीं है । मने पावर अफसरों को दे दी क्योंकि दिल्ली से बैठ कर मैं फैसला नहीं कर सकता । यह मिनिस्टर साहब का इवेडिंग जवाब है । यह सही जवाब नहीं हो सकता । आपने उनको पावर दी तो क्या चाबुक आपके हाथ में नहीं हैं ? आपका नियंत्रण उस पर नहीं है ? आप पूछ सकते थे कि अगर इतना खर्चा हुआ, नाजायज खर्चा हुआ तो क्या यह आपकी जिम्मेदारी नहीं है । क्या आपने सेल के चेयरमैन और स्टील के जो सेक्रेटरी हैं उनको चेक किया, उनसे जवाब तलब किया उनको शो-कॉज नोटिस दिया यह शो आपको करना चाहिये था। आप खाली कह दें, सदन में आकर कि हम यहां से रन नहीं कर सकते, हम यहां से फैसला

[श्री अवधेश सिंह]

नहीं कर सकते । फैसला अफसर करते हैं । अफसरों को हमने पावर दे दी । इससे कोई बात नहीं बनती, यह जनता के प्रति कोई जवाब नहीं हुआ । तो मैं इस सदन के माध्यम से फोतेदार साहब का जवाब तलब करना चाहता हूं कि वे सदन में आकर इस बात की सफाई करें कि 0.8 मिलियन टन उत्पादन पर इतना हैवी खर्च किस तरह से हो रहा है अब कि...

**उपसभापति:** राम अवधेश सिंह जी अब आप अपना भाषण खत्म कीजिये ।

**श्री राम अवधेश सिंह:** मैं कनक्लूड कर रहा हूं ।

**उपसभापति:** अब आपका कनक्लूड हो गया ।

**श्री राम अवधेश सिंह:** एक-आध मिनट में कनक्लूड करता हूं । मैं बोलता अच्छा हूं अगर आप ठीक से सुनें और सद्-बुद्धि से सुनें ।

**उपसभापति:** कृपया बैठ जाइये ।

**श्री राम अवधेश सिंह:** महोदया, यहां...

**उपसभापति:** आप बैठ जाइये, आपका टाइम खत्म हो गया है ।

**श्री राम अवधेश सिंह:** आप जब चाहियेगा खत्म हो जायेगा । आप चाहेंगी तो अभी हो जायेगा या एक दो मिनट बढ़ जायेगा ।

**उपसभापति:** आपको ज्यादा टाइम दे दिया गया है ।

**श्री राम अवधेश सिंह:** जरूर आपने अधिक समय दिया, इसमें कोई शक नहीं । जब इतना दिया तो दो मिनट दे दीजिये ।

**उपसभापति:** दो मिनट में खत्म कर दें । .. (व्यवधान)...

**श्री राम अवधेश सिंह:** डा० लोहिया की भाषा में और भावना में मर्द और औरत में कोई फर्क नहीं है । मैं तो डा० लोहिया का अनुयायी रहा हूं । मैं इस तरह से उनका ज्यादा सम्मान कर रहा हूं ।

**उपसभापति:** थैंक यू ।

**श्री अश्विनी कुमार:** जब इतना समय दिया तो दो मिनट और ।

**उपसभापति:** आपके वक्त में से काट देते हैं ।

**श्री अश्विनी कुमार:** मैंने अपनी जगह बोलने दिया है ।

**उपसभापति:** क्या आप भी बोल रहे हैं?

**श्री अश्विनी कुमार:** मैं बाद में बोलूंगा । मैंने पहले उनको चांस दे दिया है ।

**श्री राम अवधेश सिंह:** कदबन जलाशय परियोजना के लिये बिहार में बहुत दिनों से मांग थी और उस को पूरे किये बिना बिहार के 6 जिले बिल्कुल मरुभूमि में तब्दील हो जायेंगे । सोन नदी पर 115 वर्षों से बिहार के इन 6 जिलों का एकाधिकार था । सोन की नहरें इस देश की सबसे पुरानी नहरों में से थी । लेकिन आज रेहन डैम और बाण सागर डैम बन जाने से पानी का बंटवारा इस तरह से किया गया है कि वहां पानी पहुंचता ही नहीं । इस कमी को पूरा करने के लिये बिहार सरकार ने पलामू के पास कदबन जगह पर, एक दूसरा जलाशय बनाकर और वहां पर बरसात का पानी रखकर इसकी क्षतिपूर्ति करने की कोशिश की है । वह जो समझौता हुआ, रेहन डैम समझौता हुआ, उस में भारी गलती हुई और इतनी गलती हुई कि जो तीन सौ मेगावाट बिजली वहां से उत्पन्न होती हैं उस में एक यूनिट भी बिहार को नहीं दिया गया, जबकि सारी अन्तर्प्रान्तीय नदियों में, जहां जहां भी बांध बनाए गए हैं, जहां पनबिजली बनी है

उस पनबिजली में हर राज्य को हिस्सेदारी मिली हुई है, सिवाय बिहार के । तो यह हमारे साथ अन्याय हुआ है । हमने कहा कि अन्याय थोड़ा झेल लेते हैं लेकिन सारा पानी बिहार को मिले । वह पानी भी हम को सोन नदी में नहीं छोड़ा जाता है बल्कि पानी को जबरदस्ती एग्रीमेंट को तोड़ कर के सिंगरौली ताप बिजली घर को ठंडा करने के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार ले जाती है और उस पर हम लोगों का एतराज है । हम चाहते हैं, इस सदन के माध्यम से, सिंचाई मंत्री जी बैठे हुए हैं **(व्यवधान)** सिंचाई मंत्री जी जरा ध्यान दीजिये । मैं आपके ही विषय पर बोल कर कन्कलूड कर रहा हूं **(व्यवधान)** मैं नहीं चाहता हूं कि सिंचाई मंत्री की खिंचाई करूं । बिना खिंचाई के ही सुन लें, यह मैं चाहता हूं ।

**उपसभापति** : आप उनकी खिंचाई मत करियेगा ।

**श्री राम अवधेश सिंह** : इसलिए मैं चाहता हूं कि सिंचाई मंत्री जी की खिंचाई न हो, सहज ढंग से सुन लें । तो मान्यवर, महोदया . . . **(व्यवधान)**

**उपसभापति** : मान्यवर भी चलेगा, बोलिए ।

**श्री राम अवधेश सिंह** : ठीक है, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान इस विषय पर खींचना चाहता हूं कि कदवन जलाशय परियोजना **(व्यवधान)** मंत्री जी आप सुनिये, आप तो उधर कान दे रहे हैं **(व्यवधान)**

**श्री मिर्जा इर्शादबेग (गुजरात)** : मंत्री जी दोनों कानों से सुन रहे हैं, आप बोलिये । **(व्यवधान)**

**श्री राम अवधेश सिंह** : दो आदमी दो कान में बात कर रहे हैं **(व्यवधान)**

**ठाकुर जगतपाल सिंह** : जो बात सुनने की होती है, वह सुनते हैं, जो नहीं सुनने की होती, वह नहीं सुनते **(व्यवधान)**

**श्री राम अवधेश सिंह** : कदवन जलाशय परियोजना तो भारत सरकार ने नामंजूर कर दी थी और फिर सुना है कि सरकार ने उसे मंजूर किया है । मैं यह जानना चाहता हूं कि मंत्री जी यह बताएं कि मंजूर हुई है या नहीं अगर मंजूर हुई है तो मैं चाहता हूं कि बाण सागर डैम बनने के पहले युद्ध स्तर पर काम कर के कदवन जलाशय परियोजना को पूरा किया जाए ताकि बिहार के 6 जिले भोजपुर, रोहतास, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया और पटना मरुभूमि में तबदील होने से बच जाएं । हमारे यहां जो हरिजनों की जमीन की लूट हुई है हमारे यहां के*

**उपसभापति** : यह नहीं बोलेंगे । यह परमिशन के बगैर नहीं बोलेंगे । आपका समय पहले ही समाप्त हो गया है । यह रिकार्ड पर नहीं जाएगा । **(व्यवधान)** अब आप खत्म करिये ।

**श्री राम अवधेश सिंह** मैं एक वाक्य बोल कर खत्म करूंगा । भारत सरकार की नीति ऐसी जहरीली है कि जिसके बारे में बयान करना मुश्किल है । वह यह है कि आइरन ओर बेचती है बिहार का, 38 मिलियन टन आइरन ओर प्रति वर्ष बिहार से जापान को भारत सरकार भेजती है **(व्यवधान)**

**उपसभापति** : यह आप बोल चुके हैं । रिपीट मत करिए ।

**श्री राम अवधेश सिंह**: यह आइरन ओर बेच कर स्टील खरीदना उस देश से जापान से यह खून बेच कर सत्तू खाने के बराबर है । रोज खून बेचो और सत्तू खाओ । आइरन ओर बेचने वाले देश के निवासियों के तन पर वस्त्र नहीं चढ़ेगा क्योंकि यह खून बेच कर सत्तू खाने के बराबर है ।

**उपसभापति** : अब आप बैठ जाइये ।

**श्री राम अवधेश सिंह** : महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं जितनी जल्दी ही आइरन ओर बेचने की बात बन्द की जाए ।

---

*Not recorded.

**उपसभापति:** आपका समय खत्म हो चुका है अब बैठ जाइये । डा० रुद्र प्रताप सिंह जी ।

**श्री राम अवधेश सिंह :** आप नए ढंग से नीति बनाइये ताकि आइरन ओर का उत्पादन और उपयोग हिन्दुस्तान में हो सके और स्टील का उत्पादन बढाया जा सके । धन्यवाद ।

**श्री अश्विनी कुमार : महोदया, कब तक होगा । साढे 6 बज गए हैं, अब समाप्त कीजिए ।**

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let us finish Dr. Rudra Pratap Singh. *(Interruption)*

PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE (West Bengal): Madam, I object. How could you finish him?

THE DEPUTY CHAIRMAN: I won't finish anybody.

**डा० रुद्र प्रतापसिंह** (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभापति महोदया, आपका मैं हृदय से आभारी हूं जो आपने मुझको प्रस्तुत विनियोग विधेयक 1989 पर अपने विचारों को प्रकट करने का अवसर दिया है । मैं उसका समर्थन करने को खड़ा हुआ हूं । अनुसूची में वर्णित सेवाओं में मैं अपने विचारों को मानव संसाधन मंत्रालय के महिला विभाग तक ही सीमित रखना चाहता हूं । महोदया, सभापति पद पर आपके आसीन होने के कारण मुझको अपनी अनुभूति की अभिव्यक्ति में प्रेरणा मिलती रहेगी; इस विश्वास के साथ मैं अपने विचार व्यक्त करता हूं ।

**उपसभापति :** जरूर करिए ।

**डा० रुद्र प्रताप सिंह :** सर्वप्रथम मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि मैं महिलाओं के संबंध में क्यों माननीय सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । सर्वप्रथम संपूर्ण देश की जो जनसंख्या है उसमें महिलाओं का जो प्रतिशत है वह 50 प्रतिशत है । मैं ऐसा अनुभव करता हूं कि जब मैं भारत की महिलाओं के संबंध में इस माननीय सदन में अपने विचार प्रकट करने जा रहा हूं तब मैं इस देश की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की समस्याओं की ओर माननीय सदन का ध्यान आकर्षित कर रहा हूं । दूसरे नंबर पर हम जब अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के संबंध में या उनकी समस्याओं पर विचार विमर्श करते हैं तब हमारा ध्यान कुछ जाति विशेष की ओर जाता है । जब हम अल्पसंख्यक वर्ग की समस्याओं के समाधान की ओर विचार करते हैं तो हमारा ध्यान कुछ धर्म विशेष से संबंधित नागरिकों की समस्याओं की ओर जाता है । पर जब हम महिलाओं की समस्याओं के संबंध में विचार करने बैठते हैं तब हमारा ध्यान जाति, धर्म, प्रांत, भाषा आदि इन तमाम सीमाओं के परे एक मानव जाति के संबंध में जाता है, हम सम्पूर्ण मानवता के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हैं । तीसरी बात यह है कि महिलाओं की दशा आज भी अत्यंत दयनीय है, अत्यंत चिन्ताजनक है और मैं तो यह कहना चाहूंगा कि महिलाओं की दशा, महोदया, इस देश में विस्फोटक है । तो इसलिए भी यह आवश्यक है कि महिलाओं की समस्या के बारे में गम्भीरता से विचार किया जाए । चौथे नम्बर पर मैं यह कहना चाहूंगा कि महिलाओं से मां के रूप में हमें जो स्नेह प्राप्त होता है, महिलाओं से बहिन के रूप में जो प्रेम प्राप्त होता है, महिलाओं से बेटी के रूप में जो हमें आदर प्राप्त होता है, महिलाओं से बहू के रूप में जो हमें सेवा प्राप्त होती है, इनकी प्रशंसा, महोदया, शब्दों में नहीं की जा सकती है । कोई शब्दकोश हमारी सहायता नहीं कर सकता है कि हम उनकी प्रशंसा कर सकें । महोदया, इतिहास इस बात का साक्षी है, चाहे सतयुग रहा हो, चाहे त्रेता युग रहा हो, चाहे द्वापर युग रहा हो, चाहे कलियुग रहा हो, चाहे जो युग रहा हो, चाहे जो शताब्दी रही हो, हर युग में, हर शताब्दी में महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ है, अनाचार हुआ है, दुराचार हुआ है,

बलात्कार हुआ है, उनका शारिरिक रूप से शोषण हुआ है, मानसिक रूप से उनका उत्पीड़न हुआ है। यदि विशेष ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में 21वीं शताब्दी में भी महिलाओं के साथ इसी प्रकार से अन्याय होता रहेगा।

महोदया, माननीय सदन को यह बात ज्ञात है कि जब घर में पुत्र उत्पन्न होता है, तो हम प्रसन्नता मनाते हैं और जब घर में सुपुत्री होती है, तो हम दुःख मनाते हैं।

भेद तो यहीं से आरम्भ हो जाता है इतना ही नहीं, महोदया, पुत्र के भोजन में, उसके वस्त्र में, उसके पालन-पोषण में, उसकी शिक्षा-दिक्षा में हम पुत्री की तुलना में अंतर करते हैं।

इतना ही नहीं, एक पुरुष का यदि सैंकड़ों स्त्रियों के साथ में शारीरिक संबंध हो, तो वह परम पवित्र है, परंतु एक स्त्री, एक महिला यदि किसी पुरुष के साथ में केवल हंस दे, तो उसका शील भंग हो जाता है। यह स्थिति बड़ी गंभीर है। महोदया, इस देश के अंदर इस समस्या पर हमें बहुत गम्भीरता से विचार करना होगा।

माननीय सदन को यह बात ज्ञात है कि हमारे महमानव मनु जी ने श्रद्धा से प्रणय किया, प्रणय की परिणति विवाह में हुई। विवाह के फलस्वरूप, श्रद्धा के गर्भ में पुत्र आया। उसके पश्चात् जब श्रद्धा ने मनु को बताया कि तुम्हारी कृपा से मेरे गर्भ में तुम्हारा पुत्र है, तो मनु को उससे ईर्ष्या हुई और मनु उसको छोड़ कर चले गए और उन्होंने इडा के साथ प्रेम संबंध स्थापित किया। अपनी स्वकीया को छोड़ कर परकीया से उन्होंने प्रेम किया। यह स्थिति है पुरुष जाति की। यह बडी गम्भीर बातें हैं, जिन पर हमें विचार करना आवश्यक है।

महोदया, महिलाओं की समस्यायें अनगिनत हैं। इतनी समस्यायें हैं कि मैं सोचता हूं कि इस माननीय सदन में यदि इस विषय पर दिन भर चर्चा की जाए, तो वह समय कम पडेगा। मगर विशेष रूप से जो हमारी बालिकायें हैं, माननीय मंत्री महोदय, उनकी विद्यालय छोडने वाली बालिकाओं की संख्या बालकों की अपेक्षा बहुत अधिक है। यही कारण है कि हमारा अभिभावक बालिकाओं की शिक्षा-दीक्षा में उतनी रुचि नहीं लेता है जितना कि बालकों की शिक्षा में वह रुचि लेता है।

इतना ही नहीं, उन्हें जो शिक्षा प्राप्त हो रही है, उससे न तो उन्हें नौकरियां मिल रही हैं। न उन्हें कुछ इस प्रकार की व्यवसायिक शिक्षा मिल रही है कि जिससे वह अपना जीवन यापन कर सके। अधिकतर महिलाओं को श्रमिक के रूप में या हाऊसवाइफ के रूप में घरों में काम करना पडता है और इसी रूप में उनका शोषण हमेशा निरंतर होता आया है।

दहेज की समस्या के कारण विवाह की समस्या अत्यंत गम्भीर है और विवाह के पश्चात् जीवनयापन की समस्या उससे भी गम्भीर है।

इस माननीय सदन को ज्ञात है कि किस प्रकार से आज भी दहेज का दानव महिलाओं को अपने पेट में समाता चला जा रहा है। महिला जाति को खाता चला जा रहा है। आज भी दहेज के लिए हमारी बेटियों की हत्यायें होती हैं, जलाई जाती हैं। यह काम अभी जारी है और उनके जान-माल की समस्या बनी हुई है। अभी भी उनका सम्मानपूर्वक जीवित रहना कठिन है।

महोदया, महिलाओं को हमने अर्धांगनी कहा है, हमने सहधर्मनी कहा है, हमने उनको स्त्रीरत्नम कहा है। इतना ही नहीं, हमने यह भी कहा है कि—

यत्र नारस्य पुज्यते, तत्र रमंते देवत:।

हमने क्या नहीं कहा महिलाओं को, महोदया। परन्तु ऐसा लगता है कि हमने महिलाओं को वास्तु समझा है, महिलाओं को हमने पदार्थ समझा है, महिलाओं को केवल भोग्य समझा है, महिलाओं को मनुष्य नहीं समझा है। यह हमारे सामने और देश के सामने बडी समस्या है। उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु बहुत से कानून बनाए गए हैं, मगर उनकी समस्यायें बढ़ती ही जा रही हैं। किसी ने कहा है कि—

[डा० रुद्र प्रताप सिंह]

ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता ही गया और मुझे ऐसा लगता है कि यह मर्ज बढ़ता हो जाएगा यदि कोई प्रभावी कदम इस के बारे में न उठाए गए।

अंत में मैं इतना कहूंगा कि महिलाओं को जो समस्यायें हैं, उनके निराकरण के हेतु चार बातों की ओर विशेष ध्यान जाने की आवश्यकता है।

सर्वप्रथम तो इस बात की आवश्यकता है कि हम इस बात को देखें कि भारत वर्ष में एक भी महिला ऐसी नहीं होगी, जोकि शिक्षा से वंचित रहे।

दूसरी बात हमें यह देखनी है कि एक भी महिला ऐसी न रहे कि जो नौकरी चाहती हो, तो उसे नौकरी न मिल सके या यदि वह अपनी जीविका के लिए कोई काम करना चाहती है, तो उसे काम का अवसर न मिल सके।

तीसरी बात यह है कि सभी महिलाओं को अपनी छत मिल सके। जिसमें उसका पति उनसे न कह सके कि हमारी छत छोड़ कर तुम चली जाओ। चौथी बात यह है कि पिता की सम्पत्ति में पुत्री को समान अधिकार हमने दिया है उसमें इस बात को देखें कि कानून केवल कानून न रहे, कानून का पालन भी हो। प्रसन्नता की बात है कि प्रधान मंत्री जी ने महिलाओं की समस्याओं की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया है और उनकी कृपा से उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए एक पर्सपैक्टिव प्लान बनाया गया जिसमें महिलाओं की समस्याओं का गंभीरता पूर्वक अध्ययन किया गया है, उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए उपाय सुझाए गए हैं। मैं श्री राजीव गांधी जी को इस बात के लिए अपने भारत के प्रधान मंत्री, अपने लोकप्रिय प्रधान मंत्री, परम आदरणीय श्री राजीव गांधी जी को बधाई देना चाहता हूं, उन्होंने पंचायतों में जो महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की घोषणा की है। इसके साथ-साथ मैं यह भी चाहूंगा कि महिलाओं के लिए नौकरियों में भी लोक सभा में भी और विधान सभाओं में भी तथा सभी जगह 30 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाने चाहिए।

**एक माननीय सदस्य :** राज्य सभा में भी।

**डा० रुद्र प्रताप सिंह :** हां, राज्य सभा में भी और मैं कह सकता हूं कि महोदया, मैं माननीय सदन का अधिक समय नहीं लेना चाहता

**श्री बी० के० गढ़वी :** इन सारे प्रोग्रामों में महोदया का भी योगदान रहा है, यह भी कह देना।

**डा० रुद्र प्रताप सिंह :** अच्छा, महोदया मुझे इस बात की बहुत प्रसन्नता है हमारे माननीय मंत्री महोदय बता रहे हैं कि इन सब कार्यक्रमों में आपका भी बहुत सक्रिय योगदान रहा है। तो मैं इस बात के लिए भी आपकी सराहना करना चाहूंगा।

अन्त में, मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारी जो परिकल्पना है भारत की अखंडता की, भारत की एकता की, भारत की प्रभुसत्ता की, भारत में लोकतंत्र की और भारत को विश्व के शक्तिशाली देशों में भारत को एक आत्म-निर्भर राष्ट्र बनाने की, ये हमारी समस्त कल्पनाएं और परिकल्पनाएं तभी पूरी होगी जबकि हम भारत में महिलाओं को सही अर्थों में समानता का अधिकार दे सकेंगे और मुझे यह आशा है कि प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में, हम यह अधिकार दे सकेंगे। धन्यवाद।

THE DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned till 11 A.M. tomorrow.

The House then adjourned at **jhirtythree** minutes past six of the clock till eleven of the clock on Friday, the 4th August, 1989.

MGIPMRND—M—546 R.S. 10-1-90—400